चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| Yugmarg | 17.11.22 | ---- | ---- |


# Host HAU became champion, beat Jamia by 11 runs

**HISAR:** The final match of 18th All India Vice Chancellor Cricket Cup T-20 tournament was played between HAU (Blue) and Jamia Millia Islamia, Delhi at Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University. In which HAU team was the winner. A total of 26 teams from across the country participated in the competition. In the final match of the tournament, the Vice-Chancellor of the University, Prof. BR Kamboj was the chief guest while KD Khokate, former DGP, ICAR, Delhi, Dr. Vinod Kumar Verma, Vice-Chancellor, Lala Lajpat Rai University and Dr. Jagbir Singh, former Chairman, Haryana Board of School Education were present as special guests. On this occasion, the chief guest gave away trophies to the first, second and third winning teams.

Pro. Kamboj said that cricket is an exciting and outdoor game which plays its immense role in keeping a person fit. Defeat and victory are the two sides of the game which makes the game exciting. Cricket is the most famous of the sports played in India at the national and international level. He said that this format of T20 cricket is very famous which is of 20 overs. He said that the umpire




who keeps an eye on the mistakes made during the match and gives his decision accordingly. The popularity of cricket among the people is so high that hardly any other sport draws such a large crowd of spectators to watch this game. He presented the Man of the Match award to Dr. Dinesh, the player who performed well in the match. In another match, Delhi University defeated PAU Ludhiana by nine wickets to claim the third position.

Batting first after winning the toss, HAU team scored 164 runs in their 20 overs. Chasing the target in this exciting match, the Jamia Delhi team could only score 153 runs and the HAU team won the match by 11 runs and captured the trophy.

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 17.11.22 | 2 | 1-3 |

# क्रिकेट में एचएयू टीम चैंपियन

## ऑल इंडिया वीसी क्रिकेट कप : जामिया मिलिया इस्लामिया विवि को हराया




**सिटी रिपोर्टर •** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 18वीं ऑल इंडिया वाइस चांसलर क्रिकेट कप टी-20 टूर्नामेंट का फाइनल मैच एचएयू (ब्लू) और जामिया मिलिया इस्लामिया विवि, दिल्ली के बीच खेला गया। जिसमें एचएयू टीम विजेता रही।

प्रतियोगिता में देशभर से कुल 26 टीमों ने भाग लिया। टॉस जीतकर एचएयू टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने 20 ओवर में 164 रन बनाए। इस रोमांचक मैच में लक्ष्य का पीछा करने उतरी जामिया मिलिया इस्लामिया दिल्ली की टीम 153 रन ही बना सकी और एचएयू की टीम ने यह मुकाबला 11 रन से अपने नाम कर ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में एचएयू के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि रहे जबकि आईसीएआर, दिल्ली के पूर्व डीजीपी केडी खोकांटे, लाला लाजपतराय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा और हरियाणा बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन के पूर्व चेयरमैन डॉ. जगबीर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस मौके पर मुख्यातिथि ने प्रथम द्वितीय व तृतीय विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। प्रो. काम्बोज ने कहा क्रिकेट एक उत्साहवर्धक और आउटडोर गेम है जो इंसान को चुस्त-दुरुस्त रखने में अपनी असीम भूमिका निभाता है।

हार और जीत इस खेल के दो पहलू है जो इस खेल को रोमांचक बना देती है। उन्होंने मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी डॉ. दिनेश को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। एक अन्य मुकाबले में दिल्ली विश्वविद्यालय ने पीएयू लुधियाना को नौ विकेट से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 17-11-22 | 2 | 6-8 |




एचएयू की विजेता टीम ट्राफी और मुख्य अतिथि प्रो.बीआर कांबोज व अन्य अधिकारियों के साथ। संवाद

## टी-20 : मेजबान एचएयू की ब्लू टीम बनी चैंपियन

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में 18वीं ऑल इंडिया वाइस चांसलर क्रिकेट कप टी-20 टूर्नामेंट का फाइनल मैच एचएयू (ब्लू) और जामिया मीलिया इस्लामिया दिल्ली के बीच खेला गया। इस मुकाबले को एचएयू की टीम ने जीत लिया। प्रतियोगिता में देशभर से कुल 26 टीमों ने भाग लिया।

टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. कांबोज मुख्य अतिथि रहे। आईसीएआर के पूर्व डीजीपी केडी खोकाटे, लाला लाजपतराय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा और हरियाणा बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन के पूर्व चेयरमैन डॉ. जगबीर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दिल्ली विश्वविद्यालय ने पीएयू लुधियाना को 9 विकेट से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

बुधवार को टॉस जीतकर एचएयू ब्लू की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 164 रन बनाए। रोमांचक मैच में लक्ष्य का पीछा करने उतरी जामिया विवि दिल्ली की टीम 153 रन ही बना सकी। 11 रन से जीत हासिल कर एचएयू की टीम टी-20 चैंपियन बनी। टूर्नामेंट में बेस्ट बॉलर का खिताब एचएयू गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान दिनेश राढ, डॉ. दिनेश को मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बल्लेबाज का खिताब जामिया मिलिया यूनिवर्सिटी के मोहम्मद वाहिद, बेस्ट ऑल राउंडर का खिताब एचएयू के डॉ. संजय को मिला।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पंजाब केसरी | 17.11.22 | 4 | 5-6 |

# क्रिकेट में एच.ए.यू. बना चैम्पियन, जामिया को 11 रन से दी शिकस्त

हिसार, 16 नवम्बर (राठी): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 18वीं ऑल इंडिया वाइस चांसलर क्रिकेट कप टी-20 टूर्नामेंट का फाइनल मैच एच.ए.यू. (ब्लू) और जामिया मीलिया इस्लामिया, दिल्ली के बीच खेला गया। इसमें एच.ए.यू. टीम विजेता रही। प्रतियोगिता में देशभर से कुल 26 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि रहे, जबकि आई.सी.ए.आर., दिल्ली के पूर्व डी.जी.पी. के.डी. खोकाटे, लाला लाजपतराय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा और हरियाणा बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन के पूर्व चेयरमैन डॉ. जगबीर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्यातिथि ने प्रथम द्वितीय व तृतीय विजेता टीमों को ट्राफी प्रदान की।




प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ विजेता टीम।

प्रो. काम्बोज ने कहा क्रिकेट एक उत्साहवर्धक और आऊटडोर गेम है जो इंसान को चुस्त दुरुस्त रखने में अपनी असीम भूमिका निभाता है। हार और जीत इस खेल के दो पहलू है जो इस खेल को रोमांचक बना देती है। भारत में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेले जाने वाले में खेलों में क्रिकेट सबसे अधिक प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा टी-20 क्रिकेट का यह प्रारूप बहुत प्रसिद्ध है, जोकि 20 ओवर का होता है। उन्होंने कहा मैच में अंपायर की भी अहम भूमिका होती है जो मैच के दौरान होने वाली गलतियों पर नजर रखते हैं और उसी के अनुसार अपना फैसला सुनाते हैं। लोगों में क्रिकेट की लोकप्रियता इतनी अधिक है कि इस खेल को देखने के लिए दर्शकों की जितनी भीड़ होती है, उतनी शायद ही किसी दूसरे खेल में होती हो। उन्होंने मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी डॉ. दिनेश को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। एक अन्य मुकाबले में दिल्ली विश्वविद्यालय ने पी.ए.यू. लुधियाना को नौ विकेट से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।


टॉस जीतकर एच.ए.यू. टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने 20 ओवर में 164 रन बनाए। इस रोमांचक मैच में लक्ष्य का पीछा करने उतरी जामिया दिल्ली की टीम 153 रन ही बना सकी और एच.ए.यू. की टीम ने यह मुकाबला 11 रन से अपने नाम कर ट्राफी पर अपना कब्जा किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 17.11.22 | 5 | 5-6 |

# मेजबान एचएयू बना चैंपियन जामिया को 11 रन से हराया

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 18वीं आल इंडिया वाइस चांसलर क्रिकेट कप टी-20 टूर्नामेंट का फाइनल मैच एचएयू (ब्लू) और जामिया मीलिया इसलामिया, दिल्ली के बीच खेला गया। इसमें एचएयू टीम विजेता रही। प्रतियोगिता में देशभर से कुल 26 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्यातिथि रहे जबकि आइसीएआर दिल्ली के पूर्व डीजीपी केडी खोकाटे, लाला लाजपतराय विश्वविद्यालय के कुलपति डा. विनोद कुमार वर्मा और हरियाणा बोर्ड आफ स्कूल एजूकेशन के पूर्व चेयरमैन डा. जगबीर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्यातिथि ने प्रथम द्वितीय व तृतीय विजेता टीमों को ट्राफी प्रदान की। प्रो. काम्बोज ने कहा क्रिकेट एक उत्साहवर्धक और आउटडोर गेम है जो इंसान को चुस्त दुरुस्त रखने में अपनी असीम भूमिका निभाता है। हार और जीत इस खेल के दो पहलू है जो इस खेल को रोमांचक बना देती है। भारत में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेले जाने वाले में खेलों में क्रिकेट सबसे अधिक प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा टी-20 क्रिकेट का यह प्रारूप बहुत प्रसिद्ध है जोकि 20 ओवर का होता है। उन्होंने मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी डा. दिनेश को मैन आफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। एक अन्य मुकाबले में दिल्ली विश्वविद्यालय ने पीएयू लुधियाना को नौ विकेट से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। टास जीतकर एचएयू टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने 20 ओवर में 164 रन बनाए। इस रोमांचक मैच में लक्ष्य का पीछा करने उतरी जामिया दिल्ली की टीम 153 रन ही बना सकी और एचएयू की टीम ने यह मुकाबला 11 रन से अपने नाम कर ट्राफी पर अपना कब्जा किया।




चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में प्रो. बीआर काम्बोज के साथ विजेता टीम।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 17.11.22 | 10 | 4-8 |

# मेजबान एचएयू बना चैंपियन, जामिया को 11 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 18वीं ऑल इंडिया वाइस चांसलर क्रिकेट कप टी-20 टूर्नामेंट का फाइनल मैच एचएयू (ब्लू) और जामिया मीलिया इसलामिया, दिल्ली के बीच खेला गया। इसमें एचएयू टीम विजेता रही। प्रतियोगिता में देशभर से कुल 26 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि रहे जबकि आईसीएआर, दिल्ली के पूर्व डीजीपी केडी खोकाटे, लाला लाजपतराय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा और हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन डॉ. जगबीर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्यातिथि ने प्रथम द्वितीय व तृतीय विजेता टीमों को ट्राफी प्रदान की।




हिसार। प्रो. बीआर काम्बोज के साथ विजेता टीम। फोटो : हरिभूमि

प्रो. काम्बोज ने कहा क्रिकेट एक उत्साहवर्धक और आउटडोर गेम है जो ईसान को चुस्त दुरुस्त रखने में अपनी असीम भूमिका निभाता है। हार और जीत इस खेल के दो पहलू है जो इस खेल को रोमांचक बना देती है। भारत में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेले जाने वाले में खेलों में क्रिकेट सबसे अधिक प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा टी-20 क्रिकेट का यह प्रारूप बहुत प्रसिद्ध है जोकि 20 ओवर का होता है।

उन्होंने मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी डॉ. दिनेश को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। एक अन्य मुकाबले में दिल्ली विश्वविद्यालय ने पीएयू लुधियाना को नौ विकेट से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इससे पहले टॉस जीतकर एचएयू टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने 20 ओवर में 164 रन बनाए। इस रोमांचक मैच में लक्ष्य का पीछा करने उतरी जामिया दिल्ली की टीम 153 रन ही बना सकी और एचएयू की टीम ने यह मुकाबला 11 रन से अपने नाम कर ट्राफी पर अपना कब्जा किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हलो हिसार | 17.11.22 | ---- | ---- |

# मेजबान एचएयू बना चैंपियन, जामिया को 11 रन से हराया

हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 18वीं ऑल इंडिया वाइस चांसलर क्रिकेट कप टी-20 टूर्नामेंट का फाइनल मैच एचएयू (ब्लू) और




जामिया मीलिया इसलामिया, दिल्ली के बीच खेला गया। जिसमें एचएयू टीम विजेता रही। प्रतियोगिता में देशभर से कुल 26 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि रहे जबकि आईसीएआर, दिल्ली के पूर्व डीजीपी केडी खोकाटे, लाला लाजपतराय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा और हरियाणा बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन के पूर्व चेयरमैन डॉ. जगबीर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्यातिथि ने प्रथम द्वितीय व तृतीय विजेता टीमों को ट्राफी प्रदान की।

प्रो. काम्बोज ने कहा क्रिकेट एक उत्साहवर्धक और आउटडोर गेम है जो इंसान को चुस्त दुरुस्त रखने में अपनी असीम भूमिका निभाता है। हार और जीत इस खेल के दो पहलू है जो इस खेल को रोमांचक बना देती है। भारत में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेले जाने वाले में खेलों में क्रिकेट सबसे अधिक प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा टी-20 क्रिकेट का यह प्रारूप बहुत प्रसिद्ध है जोकि 20 ओवर का होता है। उन्होंने कहा मैच में अंपायर की भी अहम भूमिका होती है जो मैच के दौरान

### डॉ. दिनेश को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया

होने वाली गलतियों पर नजर रखते हैं और उसी के अनुसार अपना फैसला सुनाते हैं। लोगों में क्रिकेट की लोकप्रियता इतनी अधिक है कि इस खेल को देखने के लिए दर्शकों की जितनी भीड़ होती हैं, उतनी शायद ही किसी दूसरे खेल में होती हो। उन्होंने मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी डॉ. दिनेश को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। एक अन्य मुकाबले में दिल्ली विश्वविद्यालय ने पीएयू लुधियाना को नौ विकेट से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| उत्तम हिन्दु | 16.11.22 | ---- | ---- |

# मेजबान एचएयू बना चौंपियन, जामिया मिलिया को हराया




**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**

हिसार/सुखविन्दर कौर : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 18वीं ऑल इंडिया वाइस चांसलर विक्रकेट कप टी-20 टूर्नामेंट का फाइनल मैच एचएयू (ब्लू) और जामिया मीलिया इसलामिया, दिल्ली के बीच खेला गया जिसमें एचएयू टीम विजेता रही। प्रतियोगिता में देशभर से कुल 26 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि रहे जबकि आईसीएआर, दिल्ली के पूर्व डीजीपी केडी खोकाटे, लाला लाजपतराय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा और हरियाणा बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन के पूर्व चेयरमैन डॉ. जगबीर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्यातिथि ने प्रथम द्वितीय व तृतीय विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। प्रो. काम्बोज ने कहा क्रिकेट एक उत्साहवर्धक और आउटडोर गेम है जो इंसान को चुस्त दुरुस्त रखने में अपनी असीम भूमिका निभाता है। हार और जीत इस खेल के दो पहलू है जो इस खेल को रोमांचक बना देती है। भारत में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेले जाने वाले में खेलों में क्रिकेट सबसे अधिक प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा टी-20 क्रिकेट का यह प्रारूप बहुत प्रसिद्ध है जोकि 20 ओवर का होता है। उन्होंने कहा मैच में अंपायर की भी अहम भूमिका होती है जो मैच के दौरान होने वाली गलतियों पर नजर रखते हैं और उसी के अनुसार अपना फैसला सुनाते हैं। लोगों में क्रिकेट की लोकप्रियता इतनी अधिक है कि इस खेल को देखने के लिए दर्शकों की जितनी भीड़ होती है, उतनी शायद ही किसी दूसरे खेल में होती हो।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान समाचार | 16.11.22 | ---- | ---- |


## हिसार : जामिया मीलिया विश्वविद्यालय को हराकर मेजबान एचएयू बना चैंपियन

16 Nov 2022 18:55:43




मुख्य अतिथि कुलपति कम्बोज ने वितरित किए पुरस्कार

हिसार, 16 नवम्बर (हि.स.)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 18वीं ऑल इंडिया वाइस चांसलर क्रिकेट कप टी-20 टूर्नामेंट में मेजबान एचएयू चैंपियन बना है। एचएयू टीम ने जामिया मीलिया विश्वविद्यालय की टीम को 11 रन से हराकर यह प्रतियोगिता जीती। टूर्नामेंट का फाइनल मैच बुधवार को एचएयू (ब्लू) और जामिया मीलिया इस्लामिया, दिल्ली के बीच खेला गया। इसमें एचएयू टीम विजेता रही।

प्रतियोगिता में देशभर से कुल 26 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज मुख्य अतिथि रहे जबकि आईसीएआर, दिल्ली के पूर्व डीजीपी केडी कोकाटे, लाला लाजपतराय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा और हरियाणा बोर्ड ऑफ स्कूल एजूकेशन के पूर्व चेयरमैन डॉ. जगबीर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने प्रथम द्वितीय व तृतीय विजेता टीमों को ट्राफी प्रदान की।

प्रो. कम्बोज ने कहा कि क्रिकेट एक उत्साहवर्धक और आउटडोर गेम है जो इंसान को चुस्त दुरुस्त रखने में अपनी असीम भूमिका निभाता है। हार और जीत इस खेल के दो पहलू है जो इस खेल को रोमांचक बना देती है। भारत में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेले जाने वाले में खेलों में क्रिकेट सबसे अधिक प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा टी-20 क्रिकेट का यह प्रारूप बहुत प्रसिद्ध है जो कि 20 ओवर का होता है। उन्होंने कहा मैच में अंपायर की भी अहम भूमिका होती है जो मैच के दौरान होने वाली गलतियों पर नजर रखते हैं और उसी के अनुसार अपना फैसला सुनाते हैं। लोगों में क्रिकेट की लोकप्रियता इतनी अधिक है कि इस खेल को देखने के लिए दर्शकों की जितनी भीड़ होती है, उतनी शायद ही किसी दूसरे खेल में होती हो। उन्होंने मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी डॉ. दिनेश को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। एक अन्य मुकाबले में दिल्ली विश्वविद्यालय ने पीएयू लुधियाना को नौ विकेट से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

टॉस जीतकर एचएयू टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने 20 ओवर में 164 रन बनाए। इस रोमांचक मैच में लक्ष्य का पीछा करने उतरी जामिया दिल्ली की टीम 153 रन ही बना सकी और एचएयू की टीम ने यह मुकाबला 11 रन से अपने नाम कर ट्राफी पर अपना कब्जा किया।